आर्योदय

ARYODAYE

LET US LOOK AT EVERYONE WITH A FRIENDLY EYE

- VEDA

Weekly Aryodaye No. 518 ARYA SABHA MAURITIUS *16th Aug to 23rd Aug 2021*

Arya Bhawan, 1 Maharshi Dayanand St., Port Louis, Tel : 2122730, 2087504, Fax : 2103778, Email ID : aryamu@intnet.mu

पुरुषऽएवेद ँ सर्वं यद्भूतं यच्च भाव्यम् ।
उतामृतत्वस्येशानो यदन्नेनातिरोहति ।।

यजुर्वेद ३१/२

पुरुष एवेदं सर्वम् - उस ईश्वर ने ही सारे विश्व की रचना की है ।
यद्भूतं यच्च भाव्यम् - जो अभी तक उत्पन्न हुए हैं और जो भी भविष्य में उत्पन्न होने वाले हैं ।
उतामृतत्वस्येशानः - वे ही मोक्षसुख के अधिष्ठाता हैं ।
यदन्नेनातिरोहति - जो पृथिवी के अन्न से ये सब बढ़ते रहते हैं ।

हिन्दी में यजुर्वेद
अनुवादक : पंडित राजमन रामसाहा

From the Chief Editor's Desk



Thought of the week

Ā no bhadrāḥ kratavo yantu viśvato dabdhāso aparītāsa udbhidah.

Rigveda 1/89/1

From all sides, may noble thoughts, actions and meritorious people come and bless us, people fearless, indispensable, creative and all round saviours.

Translated by Dr Tulsi Ram, M.A., Ph.D, (London)

The Vedas and Contemporary Society

The month of *Shravan* is characterized by bliss and a feeling of spiritual consciousness. We move to spiritual plane through the performance of '*yajnas*' and the recitation of '*mantras*'. We are at peace with ourselves and this is reflected in our interaction with others. Our Revered sages and seers laid a lot of emphasis on the word peace (*shanti*).

Peace and the Individual

The word can be interpreted in a variety of ways. A person looks for a peaceful surrounding where, he can meditate. Peace can be found in the atmosphere that prevails in a remote place before daybreak. It is a feeling. Someone experiences when mundane matters no longer worry him.

During the month of *Shravan* we have the opportunity to ponder on how to improve our vision of life so as to become better human beings. To attain this end, we have to follow the path which leads to God.

Spirituality and Salvation

There is a spiritual side in the human being. Our sages and seers like Swami Dayanand, Swami Vivekananda, Swami Sivananda and Shri Aurobindo cast off their ego to be closer to the Supreme Being. We can follow their example to find our salvation.

It is so easy in our times of petty rivalry, jealousy, backbiting, stress strain and tension to have recourse to unfair means to have the better of those who are competing with us. We condemn gambling and other means of making easy money. We have to sweat to earn our bread.

Values Inherent in the Vedas

During the month of *Shravan*, family ties are strengthened. A special atmosphere prevails at home. All members of the family benefit from it. At the Arya Sabha, thanks to the Sukhi Parivaar organization, families are made aware of how they can be stable and happy. All members of a family should be worthy of trust. A person who is at peace with himself can transmit this feeling to others.

The Realities of our Times

There are people who talk about a 'new' morality. The virtues of the morality which prevailed earlier cannot be questioned. 'Orthodox' morality, in our opinion, is associated with perennial values which have been useful to our society. We have to show due respect to elders especially when the joint family has been replaced by the nuclear one. Even then we have to show our parents and grandparents that we love and care for them.

The message of the Vedas is more than ever relevant in our times when we notice how cases of divorce, Juvenile delinquency, child abuse and domestic violence are increasing. Couples can seek the advice of their parents who, over the years, have gathered experience and the wisdom that accompanies it.

The sacred month of *Shravan*, thus, lays emphasis on respect, morality, fairness, justice, honesty, benevolence, human relationship, abnegation, service, patience, love understanding, equality, spirituality and the necessity of improving oneself. Everything culminates in a society in which living is a pleasant experience. As the French saying *"ou il fait bon vivre"*. This statement also implies that; besides people, we must take our environment into consideration. So much harm has already been done to it.

The ultimate Truth

The Almighty gave life to human beings and endowed them with the faculty to disseminate. The human being is a bundle of contradictions. The good and the bad, the beautiful and the ugly form part of his self. During the month of *Shravan*, the sermons focus on how the good and the beautiful are essential for the welfare of everyone and that they must prevail always.

In the land of our sages and seers, the monsoon rain annually comes to wash away physical dirt while the teachings of the Vedas remove bad thoughts and negative vibrations from our minds.

The Vedas teach us that to achieve anything we must bow with respect to the Supreme Being and request Him to grant our requests. Let noble thoughts therefore come to us from all sides. Herein lies the ultimate truth if we are seeking salvation.

O.N. Gangoo

सम्पादकीय

प्रेम-भावना

दूसरों से घनिष्ठ सम्बन्ध बनाए रखने के लिए प्रेम-भावना का होना परमावश्यक है । एक साथ मिलकर मंगलमय जीवन व्यतीत करने के लिए प्रेम-भाव से बढ़कर कोई साधन नहीं ।

प्रेम-भावना से हमारे सोच-विचार और कर्म पवित्र होते हैं । हम अपनी मधुर वाणी द्वारा दूसरों को बड़ी आसानी से अपनी ओर आकर्षित करने में सफल होते हैं। ईर्ष्या, द्वेष, मोह, लोभ, अहंकार और शत्रुता मिटाने में सक्षम होते हैं। इसी प्रेम रूपी प्रसाद द्वारा हम सुखानन्द का अनुभव करते हैं और अन्यों को मोहित करते रहते हैं ।

एक देश के नागरिकों में जब अटूट प्रेम बढ़ता है, तब देशवासियों के आपसी प्रेम और मेल-मिलाप से सब का भला होता है। प्रेम रूपी प्रसाद से समस्त परिवार, सखा-सम्बन्धी और पड़ोसी आनन्द के साथ जीने का सौभाग्य प्राप्त करते हैं । किसी भी प्राणी में कलह की भावना उत्पन्न नहीं होती है। एकता के बल पर देशोन्नति होती है ।

हमारे मन में प्रेम भाव उत्पन्न होने से जीवन प्रेममय हो जाता है । कड़वाहट पैदा होने से जीवन कड़वा हो जाता है । अतः प्रेम के अटूट बन्धन से जीवन-यात्रा करना मंगलकारी है। इसीलिए सदा दूसरों से अटल प्रेम स्थापित करके जीवन व्यतीत करने की आदत डालनी चाहिए ।

विद्या-प्रेम में वृद्धि होने से हमारा बौद्धिक विकास होता है, जिससे हमारे ज्ञान-चक्षु खुलते हैं। शारीरिक प्रेम से शरीर स्वस्थ और सुरक्षित रहता है । आत्मिक प्रेम बढ़ने से परमात्मा से गहरा सम्बन्ध जुड़ जाता है । प्रेम-शक्ति से सत्य विद्या, सात्विक विचार और आत्मिक आनन्द का अनुभव होता है। हम मानव-धर्म निभाने में सफल होते हैं ।

गृहस्थी में पति-पत्नी के प्रेम से सुखी परिवार कायम होता है। उनके सुसंस्कार से सभी संतानें संस्कारी होती हैं। प्रेम के वातावरण में जीने वाले परिवारों के बल पर समृद्ध समाज बनता है और राष्ट्रीय उत्थान होता है ।

सभी संस्कारी भाई-बहनों के लिए रक्षा-बन्धन अटूट प्रेम प्रकट करने के लिए एक पावन पर्व है। सुख-दुख की हर परिस्थिति में गहरा प्रेम बनाए रखने का अद्‌भुत दिन है। एक दूसरे के साथ ज़िन्दगी भर आदर-सम्मान स्थापित करने का पवित्र त्योहार है। इस पावन पर्व के संदर्भ में हम यही कामना करते हैं कि सभी भाई-बहनें नित्य स्नेह और प्यार की गंगा बहाकर अपना प्रेमानन्द प्रकट करते रहें। एक-दूसरे की रक्षा और हर परिस्थिति में सहायता करने की भावना उनमें जागरित होती रहे। वे एक आदर्श भाई-बहन का प्रमाण देकर अपना अटल प्रेम भविष्य में प्रकट करते रहें ।

कोविद १९ की महामारी से वे दूर रहें । आशा है कि इस वर्ष का रक्षा-बन्धन सभी भाई-बहनों के लिए अवश्य ही मंगलमय हो । हमारे आर्य परिवार का कोई भी व्यक्ति इस भयंकर महामारी का शिकार न हो ।

बालचन्द तानाकूर

The Sacred Thread (Janeo) and its importance

Prof. Soodursun Jugessur, D.Sc, Arya Bhushan

Introduction

One of the very important ceremonies in our Vedic culture is the Sacred thread ceremony, also known as Upanayanam in North India and Avani Avatam in South India. In local Hindi we call it the Janeo ceremony. With modern development and westernization, people are content with the naming ceremony 'Naamkaran Sanskaar' and the practice is fast disappearing. To revive proper value based development, it is necessary to highlight its significance and revive the practice. Our Vedic culture is at risk. Wherever the ceremony is still held, the purohits have to fully explain its significance and the meaning of the three threads so that the person who wears it lives by its obligations.

What is the Janeo or Sacred thread?

The sacred thread is a cotton thread with three loops tied together as a knot at one end, and worn by all initiated Hindus over the left shoulder and hangs below the right shoulder up to the belt. It is a sacred **symbol of purity, celibacy, and strength,** meant to urge the person wearing it to abide by a life of discipline , achieve physical and spiritual development with happiness and prosperity. Self-discipline forms the bedrock of personal and social development. Our Rishis have prescribed this for the uplift of humanity. Only when we understand its symbolical meaning and live by its injunctions can we make a progress in self- development and social development. This thread is to be worn by both males and females, and the ceremony is held for both.

When is the ceremony to be held?

When a child is eight years old and has to be sent to school, the initiation is done by a purohit or Sanyasi, since it is scientifically proven that this is the age when mental capacity for understanding and memorising properly begins. In olden times the child was sent to a Gurukul, but these days, because mother and father both work and joint families are very rare, parents prefer to leave the child in a nursery or a kindergarten until he/she is five years old for admission to a primary school. The person performing the initiation ceremony has to carefully explain the purpose of the ceremony. Often they just recite some mantras, mainly the Gayatri mantra, and give the blessings after a Hawan ceremony.

The Appropriate Mantra

'Yajopavitam Paramam Pavitram, Prajapateryatsahajam Purastat, Ayushmagviyam Pratimuncha Shubram, Yajopavitam Balamastu Tejah.'

'This sacred thread is is very sacrosanct. With Prajapati it will goad us to good actions.

I invest you with this white Yajopavit, that is meant for strength and brilliant personality. '

The priest explains this mantras and all pray for our health, wealth and happiness. The child is made to promise to lead a life of **purity in thought, word and deed.** Or a life of bramhacharya. With this promise and practice of the vow, the appropriate development is possible. Every day, every time, he/she is reminded of the promise, and can move up the ladder of personal and social development.

The sacred thread is not worn just for show, or taken only at marriage and then thrown away, but is worn for life. We are advised to be vegetarian.

During this month of Shrawni it is an appropriate time for those who already have the Yajopavit to have this thread changed for a new one. The symbolical meaning of the three threaded loops is also associated with the words Bhu, Bhuva, Swah, in the Gayatri mantra and stand for Sat, Chit, Ananda. And the knot in the sacred thread with the Supreme Being who guides us. The three threads also impels us to Jnana, Karma and Upasana.

Conclusion

As people who follow Arya Dharma, it is our duty to wear it and live by its injunctions. And if we initiate our children early in life, we are assured of a proper self and world development. And the spirit of **'Krinavanto Vishwam Aryam** ' will be achieved.

Shravani Mahayajna à Trois Boutiques Triolet Arya Samaj (Le 6,7,8 Août, 2021)

Il y a 56 ans, Shravani Mahayajna était organisé pour la première fois à l'ile Maurice à Triolet chez feu Bramduth Nundall qui était un pilier de Trois Boutiques Triolet Arya Samaj (TBTAS).

Cette année, en raison de la situation prévalente de Covid 19 et de la réglementation concernant la présence de pas plus de 50 personnes à la fois, les membres du TBTAS ont décidé d'organiser le Shravani Mahayajna uniquement pendant 3 jours avec une seule session quotidienne au lieu de 5 jours avec deux sessions par jour comme le veut la tradition. Le président de TBTAS M. Arun K Ghunasham a prononcé un discours de bienvenue quotidien lors des différentes sessions.

contd. on pg 3

वेद-मास

वैदिक जीवन पद्धति

सत्यदेव प्रीतम, जी.ओ.एस.के., आर्य रत्न, सहसम्पादक

जब महर्षि स्वामी दयानन्द ने लाहोर शहर में बैठकर स्वनिर्मित आर्यसमाज के आरम्भिक २८ नियमों में परिवर्तन लाकर १० नियम निश्चित् किये तो तीसरे नियम में स्पष्ट कर दिया कि *"वेद सब सत्य विद्याओं का पुस्तक है। वेद का पढ़ना, पढ़ाना और सुनना-सुनाना सब आर्यों का परम धर्म है।"*

याद रहे उन्होंने कहा 'परम' धर्म है। वे कह सकते धर्म है, पर धर्म पर ज़ोर डालने के लिए 'धर्म' के आगे एक विशेषण जोड़ दिया । पढ़ना तो अनिवार्य है ही पर वेद का पढ़ना अति अनिवार्य है, क्योंकि उन्होंने गुरु को वचन दिया था, विरजानन्द गुरु को छोड़ने से पहले, कि वेद का प्रचार-प्रसार करने के लिए अपना अमूल्य जीवन दे देगा । यदि स्वामी जी चाहते तो गुरु को छोड़ने के बाद कहीं पहाड़ों की चोटी पर चले जाते तो पितृ गृह छोड़ने का जो उद्देश्य था सच्चे शिव की प्राप्ति और मृत्यु क्या है ? का ज्ञान हो जाता । जीवन भर उतने दुख-झेलने से वंचित रह जाते और विषपान करने से बच जाते और अन्ततोगत्वा मुक्ति भी प्राप्त कर लेते ।

स्वामी जी के सामने दो मार्ग थे। एक काँटों से भरा मार्ग और दूसरा फूलों से भरा। उन्होंने फूलों वाला मार्ग छोड़कर कंटकाकीर्ण मार्ग को अपनाया वेदों का प्रचार करना ऐसे भारतवर्ष में जहाँ की जनता अविद्या-अन्धकार में भटक रही थी। आर्थिक, सामाजिक, राजनैतिक, नैतिक व धार्मिक दशा इतनी दयनीय थी, जहाँ से निकलना असम्भव नहीं तो अति कठिन था। धर्म के नाम पर मत-मतांतर फैले हुए थे। मत चलाने वाले गुरु बन बैठे थे, गुरुओं के बीच में प्रतियोगिता चल रही थी। भोली जनता आपस में भेद-भाव कर रही थी। हमारा मत श्रेष्ठ है। वह कहता हमारा धर्म श्रेष्ठ है। भगवान के नाम को लेकर झगड़ा चल रहा था। विद्या के अभाव में अन्धविश्वास चरम सीमा पर था।

सामाजिक स्थिति खराब थी। बाल-विवाह, अनमेल विवाह, दहेज प्रथा के कारण कम उम्र की लड़कियों का विवाह वृद्धों से हो रही थी। परिणामस्वरूप जवान् लड़कियाँ विधवा हो रही थी। पुनर विवाह का प्रचलन उठ गया था। जवान विधवाओं के कारण समाज में अवैध सम्बन्ध हो रहा था।

भारतीय समाज में जो वर्णाश्रम व्यवस्था सारे संसार के लोग आदर्श व्यवस्था मानते थे – जैसे समाज में वर्ण व्यवस्था। वर्ण शब्द इस बात का द्योतक है कि वरण करना, चुनना। लोग अपना वर्ण अपनी पसन्दानुसार चुनते थे। एक माँ-बाप के चार बेटे, एक बेटा पढ़ना-लिखना, पढ़ना-पढ़ाना पसन्द करता था, तो ब्राह्मण वह कहलाता था। दूसरा शारीरिक दृष्टि से बलवान् था तो वह देश की रक्षा करना चाहता था। वह पुलिस-बल में या देश की रक्षा करने हेतु सैनिक बन जाता वह रक्षक क्षत्रिय कहलाता । तीसरा भाई न पढ़ना-लिखना और न देश की रक्षा करना चाहता था। उसका झुकाव धन कमाने की ओर था – वह खेती-बारी करना, मवेशी पालना या कारोबार करना पसन्द करता, वह वैश्य बन जाता और चौथा कहता मैं तो बौद्धिक व शारीरिक बल से वंचित हूँ । मैं खेती-बारी करना या दूसरे पेशे की ओर मेरा रुझान नहीं है – मैं आप तीनों भाइयों की सेवा करूँगा, आप के बच्चों को स्कूल ले जाऊँगा, राशन लाऊँगा, बाज़ार जाऊँगा मैं सेवाकार्य करूँगा, मैं सेवक कहलाऊँगा। इसके आधार पर वर्ण व्यवस्था बनी थी।

यह तो वर्ण का विषय रहा अब इसी प्रकार जीवन के सौ साल को चार भागों (आश्रमों) में विभाजित कर दिया गया। जन्म से २५ वर्ष तक पढ़ने-लिखने की अवधि-ब्रह्मचर्य आश्रम कहलाता । २६ से ५० वर्ष तक गृहस्थ आश्रम । इस आश्रम में पढ़ाई-लिखाई के बाद समावर्तन संस्कार होता और विवाह के बाद गृहस्थाश्रम शुरू होता । यह आश्रम शेष तीनों के आश्रमों का केन्द्र होता। इसी आश्रम के लिए या इसी आश्रम से ब्रह्मचर्य आश्रम वानप्रस्थाश्रम और संन्यास आश्रम चलते। क्योंकि इसी आश्रम में ज़मीन-जायदाद, कारोबार और धन की लेन-देन चलती भारतीय समाज में बैंक का नामोनिशान नहीं पाया जाता । पैसे की लेन-देन साहूकार करता, सेठ करता। पैसे से पैसा कमाना सूद लेना जो उधार लेता लेकिन उसे बहुत अधिक कर नहीं चुकाना चाहिए। पैसे का कारोबार जायज था।

गृहस्थों की ज़िम्मेदारी समाज में बहुत बड़ी थी और आज भी है। बच्चे पैदा करना, उन बच्चों को पढ़ाना-लिखाना और उनको अपने जैसे कुशल गृहस्थ बनाना। जैसा गृहस्थ होगा वैसा ही समाज बनेगा, उसी के अनुरूप देश तथा संसार बनेगा ।

जब बेटे और नाती-पोते कुशल गृहस्थ बन जायें और गृहस्थ आश्रम को चला पायें ठीक प्रकार से तो पिता अपनी जिम्मेदारी अपने उत्तराधिकारी को सौंपकर वानप्रस्थी बन जायें । यह आवश्यक नहीं कि समाज को छोड़कर संन्यासी बनने की तैयारी करें। क्योंकि जीवन का उद्देश्य है – धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष की प्राप्ति मोक्ष का आशय है, मुक्ति। मुक्ति किससे? मुक्ति - जीवन के आवा-गमन से । दुनिया में आना ही दुख है । दुख से छूट जाना और परम-पिता परमात्मा के सान्निध्य में जाना यही मुक्ति है।

ARYODAYE
Arya Sabha Mauritius
प्रधान सम्पादक : डॉ० उदय नारायण गंगू, *पी.एच.डी., ओ.एस.के., जी.ओ.एस.के., आर्य रत्न*
सम्पादक : श्री बालचन्द तानाकूर, *पी.एम.एस.एम, ओ.एस.के., आर्य रत्न*
सह सम्पादक : श्री सत्यदेव प्रीतम, *बी.ए., ओ.एस.के, सी.एस.के.,जी.ओ.एस.के., आर्य रत्न*

सम्पादक मण्डल :
(१) श्री नरेन्द्र घूरा, *पी.एम.एस.एम, आर्य रत्न*
(२) प्रोफ़ेसर सुदर्शन जगेसर, *डी.एस.सी, जी.ओ.एस.के., आर्य भूषण*
(३) डॉ० विदुर दिलचन्द, *पी.एच.डी.,*
(४) डॉ० जयचन्द लालबिहारी,*पी.एच.डी,आर्य भूषण*
(५) *लीलामणि करीमन,एम.ए.,वाचस्पति*

इस अंक में जितने लेख आये हैं, इनमें लेखकों के निजी विचार हैं। लेखों का उत्तरदायित्व लेखकों पर है, सम्पादक-मण्डल पर नहीं ।
Responsibility for the information and views expressed, set out in the articles, lies entirely with the authors.

मुख्य सम्पादक

Printer : BAHADOOR PRINTING CO. LTD
Ave. St. vincent de Paul, Les Pailles,
Tel : 208-1317, Fax : 212-9038.

contd. from pg 2

Shravani Mahayajna à Trois Boutiques Triolet Arya Samaj

Début des activités à 15h00 le vendredi 6 Août, avec la cérémonie de la levée du drapeau en présence du Président de l'Arya Sabha Mauritius, Mr Harrydev Ramdhony, Arya Ratna, Le président de Pamplemousses Arya Zila Parishad Dr Bhushan V. Chummun et des membres de Trois Boutiques Triolet Arya Samaj. Yajna a été officié par Pandita Ghunasham, Pandita Satyam Chummun, MSK, Arya Bhushan et Pandit Darshan Dookhy. Un Bhajan a été chanté par Mr. Dharmanand Ramnauth. Le président de Arya Sabha Mauritius a remercié les membres du Samaj pour l'organisation de l'activité de 3 jours qui est fondamental pour la transmission du savoir Védique aux générations à futur.

Le Samedi 7, le programme a débuté à 15h00 sous la direction de Pandita Ghunasham, Pandita Satyam Chummun, MSK et Pandit Darshan Dookhy. Une séance spéciale de sangeet a été réalisée par les membres de l'Avenir Arya Samaj sous la direction d'Acharya S. Badree. Il a également expliqué en détail la signification de Gayatree Mantra. L'invité principal était Mr Vijay Ramchurn, Président de DAV Port Louis et Président de Flacq Arya Zila Parishad.

Poornahuti été organisé le dimanche 8 Août. Les membres du TBT Arya Yuvak Sangh étaient les Yajmān Pandita Ghunasham, Pandita Satyam Chummun MSK et Pandit Darshan Dookhy. Des Bhajans ont été chantés par Mme Rakhee Cauttuck accompagnée par Mr Raj Cauttuck. Parmi des invités du jour, le Pt. D. Reekaye, Arya Bhushan, Président d'Arya Purohit Mandal a expliqué l'essence de Yajna. L'invité principal était L'Arya Neta Dr O. N. Gangoo, GOSK. A la fin du programme, Le Président de Pamplemousse Arya Zila Parishad et Président de Mauritius Arya Yuvak Sangh, ont remercié tout le monde pour leur contribution à la réussite de cet important événement. Le rendez est pris pour l'année prochaine en espérant une amélioration de la situation sanitaire a l'ile Maurice pour l'organisation de Shravani Mahotsav a plus grande échelle.

Dr Indrasen Navin Inderjeet
Docteur en Pharmacie
Secrétaire de Trois Boutiques Triolet Arya Samaj

कार्चिये मिलितेर आर्यसमाज में श्रावणी यज्ञ

श्रीमती भगवन्ती घूरा

श्रावण का पावन मास हमें ऋषि-ऋण से ऋण-मुक्त होने का सुअवसर प्रदान करता है । आर्य सभा और आर्य ज़िला परिषदों के तत्वावधान में देश भर के शाखा समाजों में यज्ञों के अनुष्ठान से श्रावणी पर्व मनाया जाता है, ताकि वैदिक धर्म की धारा चलती रहे और वेद की ज्योति जलती रहे ।

पाँच अगस्त से सात अगस्त तक कार्चिये मिलितेर आर्यसमाज में एक त्रिदिवसीय यज्ञ का आयोजन किया गया। पाँच अगस्त को सायं तीन बजे ध्वजारोहण के साथ कार्य का शुभारम्भ हुआ । पंडिता चन्द्रिका राजु जी द्वारा यज्ञ आरम्भ हुआ और पूरे कर्मकाण्ड से और यजुर्वेद के दो प्रथम अध्यायों के पठन-पाठन से साढ़े चार बजे तक यज्ञ सम्पन्न हुआ। यज्ञ के बाद समाज के प्रधान श्री शर्मा मधु जी का स्वागत भाषण हुआ । एक भजन के बाद पंडिता जी का संदेश सुनने को मिला और अन्त में धन्यवाद के साथ कार्य ने विश्राम लिया । प्रसाद के साथ सब जन प्रस्थान हुए, अगले दिन मिलने के वास्ते ।

छः अगस्त को तीन बजे यज्ञ आरम्भ हुआ । यजुर्वेद के विशेष मन्त्रों से पंडिता जी ने यज्ञ को सजाया। पंडिता सविता तोकुरी जी ने भी कार्य में सहयोग दिया। सौभाग्य से उस दिन मोका आर्य ज़िला परिषद् के प्रधान श्री रवीन्द्र शिवपाल जी पधारे थे और यज्ञ एवं स्वागत भाषण के बाद उनका एक शिक्षाप्रद और विषयानुकूल संदेश सुनने को मिला । आगे समाज के कोषाध्यक्ष श्री नरेन्द्र घूरा जी का एक लघु ज्ञानप्रद संदेश श्रवण करने का सौभाग्य मिला, जिससे हमें अपने वैदिक धर्म से जुड़े रहने का रहस्य मालूम हुआ । अन्त में प्रसाद के साथ हम सब ने प्रस्थान किया।

सात अगस्त को यजुर्वेद के अन्तिम अध्याय और श्रावणी के विशेष मन्त्रों के उच्चारण से यज्ञ का समापन हुआ । पंडिता जी तन्मयता से मन्त्रों का पाठ करती रहीं और यजमानगण पूरी श्रद्धा से आहुतियाँ अर्पण करते रहे । यज्ञ के बाद भजन हुआ और श्री नरेन्द्र घूरा जी ने एक भावपूर्ण संदेश प्रस्तुत किया । कार्य के अन्त में प्रधान जी ने धन्यवाद-समर्पण किया और उसके बाद सभी श्रद्धालु जन महाप्रसाद लिए हर्षित मन से प्रस्थान हुए ।

महामारी के कारण कार्य सीमित रहा, लेकिन 'जहाँ चाह, वहाँ राह'। ईश्वर के आशीर्वाद और सब श्रद्धालु भक्तों से कार्य सराहनीय रहा । अनुशासन पूर्वक नियम का पालन करते हुए कार्य सफल रहा और यज्ञ से सबका हुआ कल्याण ।

अन्त भला तो सब भला,
सावधानी से है करना नैया पार।
दिव्यता से पाये नर-तन,
करें प्रभु से प्यार ।
वेद-ज्ञान के अनुष्ठान से,
करें अपना उद्धार ।
है श्रावण मास का सार,
वेद का जय-जयकार ।
सदा रमता रहे, वैदिक धर्म का सार ।
शुद्ध संकल्प से होवें, सबका उपकार।

संतोष : परम धन

डॉ० माधुरी रामधारी, एम.ए., पी.एच.डी.

अष्टांग योग के आठ अंगों में पहला है 'यम' और दूसरा है 'नियम'। यम के पाँच भाग हैं, यथा – अहिंसा, सत्य, अस्तेय, ब्रह्मचर्य और अपरिग्रह । नियम के भी पाँच अंग हैं – शौच, सन्तोष, तप, स्वाध्याय और ईश्वर-प्रणिधान ।

यम-नियम का पालन करने से मानसिक बल बढ़ता है। यदि 'श्रावण' मास को पावन बनाना हो तो आवश्यक है कि यम-नियम का पालन करके मन को निर्मल बनाया जाए । आइये, आज हम 'सन्तोष' पर कुछ विचार करें ।

संतोष मन का एक भाव है, जिससे कोई भी प्राणी अपनी कमियों के बावजूद भी खुश रह सकता है। एक समय था जब व्यक्ति के पास खाने के लिए केवल सूखी रोटी होती थी। पहनने के लिए केवल एक जोड़ा कपड़ा होता था और रहने के लिए मिट्टी का कच्चा घर होता था। सूखी रोटी खाकर भी व्यक्ति स्वस्थ रहता था, क्योंकि उसके पास संतोष था। एक जोड़ा कपड़ा जब तक फट नहीं जाता था और मिट्टी का कच्चा घर जब तक टूट नहीं जाता था, तब तक व्यक्ति का संतोष बना रहता था। आज मनुष्य के पास भरपूर भोजन, तरह-तरह के कपड़े और ईंट के पक्के घर होते हुए भी उसे संतोष नहीं होता है, क्योंकि उसका लालची मन और बहुत कुछ पाना चाहता है ।

एक व्यक्ति एक सब्ज़ीवाले के पास गया । सब्ज़ी खरीदने से पहले उसने सब्ज़ीवाले का हाल पूछा – 'बताइए, आप कैसे हैं ?' सब्ज़ीवाले ने मुस्कुराकर उत्तर दिया – 'ईश्वर की कृपा से सब ठीक है।'

सब्ज़ीवाले का उत्तर सुनकर और उसके होठों पर मुस्कुराहट देखकर व्यक्ति को आश्चर्य हुआ, क्योंकि देश में दो सप्ताह लगातार भारी वर्षा हो रही थी और व्यक्ति को पता था कि सब्ज़ीवाले के खेत में बहुत सारी सब्ज़ियाँ नष्ट हो गयी थीं। इस हानि के बावजूद भी सब्ज़ीवाले को संतोष था कि कम-से-कम बची हुई सब्ज़ियों को वह बेच पा रहा था। सब्ज़ीवाले का संतोष ही उसके होठों पर मुस्कुराहट का कारण था। उसके संतोष से प्रभावित होकर व्यक्ति भी मुस्कुराते हुए सब्ज़ियाँ खरीदने लगा । तभी एक दूसरा ग्राहक सब्ज़ी वाले के पास आया । उसे जितनी सब्ज़ियाँ खरीदनी थीं, उतनी सब्ज़ियाँ सब्ज़ीवाले के पास नहीं थीं। अपनी इच्छा के अनुसार सब्ज़ियाँ न मिल पाने पर ग्राहक खराब मौसम को गालियाँ देने लगा और सब्ज़ियाँ खरीदते समय वह चिरचिराता रहा। उसे इस बात का संतोष नहीं था कि कठिनाई के समय भी कम-से-कम कुछ सब्ज़ियाँ तो मिल ही रही थीं। कोई व्यक्ति बहुत कम में भी अच्छे से रह सकता है, यदि उसके पास संतोष हो । संतोष का धन सबसे बड़ा धन होता है ।

सन् १८५७ में भारत में पहला स्वतन्त्रता संग्राम हुआ। उस समय महर्षि दयानन्द यह प्रचार कर रहे थे कि अपने देश में यदि अपना राज्य हो, तो देश का भला होता है। विदेशियों का राज्य हो, तो पूरा देश डूब जाता है। महर्षि दयानन्द के इस विचार से प्रेरित होकर उनके संपर्क में आने वाले क्रांतिकारियों ने ब्रिटिश राज्य के विरुद्ध लड़ाई की । परन्तु इस लड़ाई में क्रांतिकारियों की जीत नहीं हुई । ब्रिटिश राज्य को समाप्त करने अपने प्रयासों से आन्दोलनकारियों को संतोष नहीं हुआ और उन्होंने महर्षि दयानन्द के सामने अपना असंतोष व्यक्त किया । महर्षि ने क्रांतिकारियों को समझाया कि भले ही अंग्रेज़ी राज्य से मुक्ति नहीं मिली, फिर भी स्वतन्त्रता का जो पहला संग्राम हुआ, उससे क्रांतिकारियों को अपनी शक्ति की पहचान हुई और पूरे देश में एक नए जागरण की शुरुआत हुई । इसीलिए संतोष करते हुए अब एक नया लक्ष्य तय करना है और नए लक्ष्य को पाने के लिए नए सिरे से प्रयास करना है । महर्षि दयानन्द की इस सलाह से यह स्पष्ट हुआ कि एक लक्ष्य अगर प्राप्त न हो, तो मन को मनाकर किनारे पर बैठ जाना 'संतोष' नहीं होता । अपितु 'संतोष' का अर्थ यह है कि अपने कर्म से हमें जितना भी मिले, उसे स्वीकार करते हुए, खुशी के साथ अपना दायित्व निभाते जाना है । संतोष तब होता है जब लगातार कोशिश करते हुए व्यक्ति को यह विश्वास हो जाता है कि वह सही दिशा में चल रहा है ।

जीवन संतोष के आधार पर ही आगे बढ़ता है। महर्षि पतंजलि का कहना है – **संतोषादनुत्तमः सुखलाभः** – अर्थात् यदि सबसे उत्तम सुख पाना चाहते हैं, तो हम संतोष को अपनाएँ । कम में ही संतुष्ट रहते हुए नए लक्ष्य को प्राप्त करें। हम संतुष्ट रहेंगे, तो हमारे आस-पास के लोगों को भी संतोष होगा और जीवन में सुख बरसेगा ।

Savanne Arya zila Parishad

Programme Shravani Mahotsav 2021

Date	Time	Venue
16 Aug	9.00 a.m.	Gurukul Souillac
17 Aug	9.00 a.m.	St. Amma Arya Samaj
18 Aug	9.00 a.m.	Gurukul Souillac
19 Aug	9.00 a.m.	Comlone Arya samaj
20 Aug	4.30 p.m.	Prud'homme Mahila Samaj
20 Aug	2.00 p.m.	Shri Rajendra Prasad Ramjee's Residence
21 Aug	1.00 p.m.	Shri Dewanand Gukhool's Residence
22 Aug	6.00 p.m.	Chamouny Arya Samaj
22 Aug	9.00 a.m.	Foolbasseea Sewa Ashram
23 Aug	3.00 p.m	Prud'homme Samaj
24 Aug	10.00 a.m.	Souillac gurukul
25 Aug	16.00 p.m.	S.K.D.R. Cheetamun's Residence
26 Aug	16.00 p.m.	Surinam Arya Mahila Samaj
27, 28, 29 (Purnahuti) Aug	9.30 a.m.	Foolbasseea Sewa Ashram

Riviere du Rempart Arya Zila Parishad

Shravani Programme 2021

DATE	TIME	PLACE
16 Aug	4.00 p.m	Melville Arya Samaj Mandir
16 Aug	4.00 p.m	L'Esperance Trebuchet AS
16 Aug	4.00 p.m	L'Esperance Piton AS No 6
17 Aug	4.00 p.m	Amaury AS 153
17 Aug	4.00 p.m	L'Esperance Trebuchet AS
18 Aug	4.00 p.m	L'Esperance Trebuchet AS
19 Aug	4.00 p.m	AS L' Esperance Piton
19 Aug	4.00 p.m	L'Esperance Piton AS No 6
19 Aug	5.00 p.m	Triangle, Goodlands Arya Samaj Mandir
20 Aug	4.45 p.m	Amaury AS 378
21 Aug	4.00 p.m	L'Esperance Trebuchet AS
22 Aug	8.00 a.m	AS L' Esperance Piton
22 Aug	8.00 a.m	L'Esperance Trebuchet AS

In My View

The Pleasure of Reading

One good aspect of reading anything of value is that the sum total of knowledge we have gained constantly increases. There are books of the hour and books for all times. I derive pleasure from perusing both.

The knowledge human beings have gained from the dawn of civilization to our days keep on increasing. A new development in the power of the lens of a telescope enables the astronomer to discover new galaxies.

The wheel of progress is ever moving forward.

Despite the advent of e-book, lots of publications are available to keep us abreast of what is happening around us. Reading caters to all tastes. I have my favorite magazines and authors. Right now, my time is devoted to the appreciation of poems and novels.

I am making an effort to read as many books as I can. I am aware that it is well-nigh impossible to read all the books I would have liked to within a lifetime, unfortunately.

The advantages that this activity brings in its wake cannot be enumerated. Suffice it to say that reading enables me to spend time enjoyably, and to gather precious information for my own good. It is the same with many people.

Mithyl Banymandhub

Vedarambh Sanskar

Jaypatee Poonit, Vidyavachaspati, B.A.,B.Ed.

Vedarambh Sanskar is an ancient ritual performed when a child is going to start education at a *Gurukul*, that is in a boarding school.

Nowadays, the *gurukul* system does not really exist. People are of the opinion that *Gurukul* was for religious and cultural education only. Most of the intellectuals and priests have the same opinion. That is why no importance is given to *Vedarambh Sanskar*. Today, we can see some Pandits and Panditas performing *Saraswati Yajyān* or *Vidyarambh Yajyān* instead of *Vedarambh Sanskar*.

Thousands of years back when great men like Lord Rama and Krisna attended the *Gurukul*, they did not become religious persons but great Leaders and Rulers. In fact, the *Gurukul* produced so many great doctors, leaders and engineers. One cannot forget Arya Bhatt who gave -0- to the numbers which enhanced the value of counting. Rishi Sushrut who introduced surgery to the medical world, Bhaskaracharya who discovered gravitation, Vaidhyanath the one who introduced Theorem, Nagarjun the metallurgist, Maharishi Kanaad, the Atomist and many others who contributed so much knowledge to the world. They were all products of the *Gurukul*.

In fact, the real meaning of VEDA is knowledge. VEDA is not a book of religion but a book of complete education including *linguistics, arms, and ammunition, law, health and hygiene, astronomy, mathematics* and *economics* among others.

Today most of these subjects are taught in schools and colleges.

It is therefore high time to encourage Vedarambh Sanskar before starting formal education at the age of five years. This will bring people closer to religion, culture and human values.

उपनिषद् - व्याख्यान

श्रीमती विज्ञानती मणिक, बी.ए.

शनिवार तिथि ३१ जुलाई २०२१ ई० को प्लैन विल्येम्स आर्य ज़िला परिषद् के तत्त्वावधान में आर्य महिला मण्डल नें निर्गिन भवन में भव्य रूप से उपनिषद् - व्याख्यान का आयोजन किया था। कोविद १९ महामारी को ध्यान में रखते हुए स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा लागू सभी नियमों का बखूबी पालन किया गया ।

दोपहर ढाई बजे, देवयज्ञ से कार्यक्रम का शुभारम्भ हुआ। श्रावणी मास के उपलक्ष्य में, पंडिताओं ने यजुर्वेद के सोलहवें अध्याय के मन्त्रों को पढ़ा। गण्यमान्य लोगों में आर्य नेता डॉ० उदयनारायण गंगू जी, आचार्य बद्री जी, आर्य सभा मॉरीशस के प्रधान श्री हरिदेव रामधनी जी, कोषाध्यक्ष श्रीमान् रामजी जी, आर्य महिला मण्डल की प्रधाना डॉ० शान्ति मोहाबीर जी और प्लैन विल्येम्स ज़िला परिषद् के प्रधान श्रीमान् गौड जी उपस्थित थे।

सर्वप्रथम आर्यसमाज के प्रधान श्री रामधनी जी ने बड़े प्रभावशाली ढंग से भारत के राष्ट्रकवि मैथिली शरण गुप्त जी की कुछ गरिमामयी पंक्तियाँ प्रस्तुत कीं, जिनमें वैदिक वाङ्मय का गौरव गान किया गया है, यथा -

'संसार में प्राचीन सबसे है हमारे वेद ही,
प्रभु ने दिया यह ज्ञान हमको सृष्टि के आरम्भ में ।'

तत्पश्चात् आर्य महिला मण्डल की प्रधाना डॉ० शान्ति मोहाबीर ने सभी का औपचारिक रूप से स्वागत किया । तुरन्त बाद आर्य नेता डॉ० गंगू जी ने पावर पोंईट (Powerpoint) के माध्यम से अपना उपनिषद्-व्याख्यान आरम्भ किया। उन्होंने अपने व्याख्यान में ग्यारह मुख्य उपनिषदों की चर्चा करते हुए ईशोपनिषद् के मन्त्र, जो यजुर्वेद के भी मन्त्र हैं, बड़े सरल तथा स्पष्ट शब्दों में बड़े रोचक ढंग से प्रस्तुत किये। उन्होंने पर्दे पर सजीव चित्र दिखाकर इस सत्य की ओर लोगों का ध्यान केन्द्रित किया कि ईश्वर सभी प्राणियों में वास करता है। अतः सभी प्रकार के भेद-भाव मिटाकर सभी का सम्मान करना चाहिए। वेद-ज्ञान को अपनाकर तथा निष्काम कर्म करते हुए अपने जीवन को उत्कृष्ट बनाना चाहिए । बीचों-बीच आचार्य बद्री तथा लावेनीर आर्यसमाज की संगीत-मंडली ने अपने मधुर तथा शिक्षाप्रद गानों से सभी श्रोताओं को मन्त्र-मुग्ध कर दिया ।

अन्त में आर्य महिला मंडल की प्रधाना ने कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए तथा उपस्थिति के लिए कोटिशः धन्यवाद किया ।

UNE PENSEÉ TRÈS SPÉCIALES POUR MANILAL MAGANLAL DOCTOR M.A.,LLB

Affectionately called *DINABANDHU*

- The first leader of Indo- Mauritian
- The philosopher, the guide
- The Father of Hindu liberation in British Colonial Mauritius

"He lit the spark of the Economic and Political Freedom and Brought about the Cultural & Spiritual Renaissance within the Indian Community of Mauritius."

Extract From L'OEUVRE 11 JANVIER 1950 ---

"The man who changed the destiny of Indentured Labourer."

-- Shradhanand Seetapah

Hon. Dr. Seewoosagar Ramgoolam said, *"Shri Manilal, I welcome you as the son of an immigrant, and if my father is no longer of this world to praise your selflessness, your courage and your sense of duty, I accomplish that task for him and for the people."*

Extract: Advance 18th January , 1950

Vinay Ramkissoon

वैदिक संस्कृति की आत्मा : यज्ञ

डॉ० शान्ति मोहाबीर, एम.ए., पी.एच.डी.

वैदिक संस्कृति पर अटल विश्वास रखनेवाले लोग, इन दिनों श्रावणी मास बड़े ही श्रद्धा भाव से मना रहे हैं । 'श्रावण' ऋषि-तर्पण का मास कहलाता है । इसके अंतर्गत वेद का पठन-पाठन तथा मन्त्र-द्रष्टा ऋषियों द्वारा लिखित शास्त्रों के अध्ययन और स्वाध्याय का विधान बताया गया है ।

श्रावण मास ज्ञान का मास है, धर्मोपदेश करने का मास है । हमारे देश में, श्रावण माह में वेद पारायण संपन्न किया जाता है। यज्ञों-महायज्ञों का अनुष्ठान किया जाता है ।

'यज्ञ' वैदिक संस्कृति का प्रमुख तत्व है। भारतीय संस्कृति में जितना महत्व यज्ञ को दिया जाता है, शायद ही उतना किसी और क्रियाकलाप को दिया जाता हो। यज्ञ के बिना हमारा हर कार्य अधूरा होता है। जन्म से लेकर मृत्यु पर्यन्त, जीवन के हर मोड़ पर, यज्ञ का विधान जुड़ा हुआ है। 'यज्ञ' को भारतीय संस्कृति की आत्मा कहा गया है ।

यज्ञ 'यज' धातु से बना है। 'यज' के तीन अर्थ हैं – देवपूजा, संगतिकरण और दान ।

देवपूजा, संगतिकरण और दान, व्यक्ति और समाज को पवित्र बनाते हैं। ये तीनों व्यक्ति और समाज के उत्कर्ष के कारण हैं ।

देव के अर्थ को प्रकाशित करते निरुक्त ने कहा – **'देवो दानात्'**, अर्थात् देव देता है। लेनेवाला बदले में उसकी पूजा करता है, उसका उपकार मानकर उसे धन्यवाद करता है। ऋषि, विद्वान् और परिनिष्ठित व्यक्तित्ववाले, हमारे देव हैं। इन्होंने जो ज्ञान हमें दिया हुआ है, उस ज्ञान को अपने जीवन में उतारना देव-पूजा है।

धरती जड़ देवता है। इस पर अन्न उगाकर, वनस्पति, पेड़-पौधे बोकर, नदियों, नालों, समुद्र को पवित्र रखकर, सड़कों, गाँवों, शहरों को स्वच्छ रखकर, आसपास के वातावरण को साफ़-सुथरा रखकर, वायु को प्रदूषण-मुक्त रखकर, हम सही अर्थ में धरती की पूजा करते हैं।

ऋषि-प्रदत्त शास्त्रों की शिक्षा के अनुकूल अपना चरित्र बनाना भी देवपूजा है। 'श्रीरामचरितमानस' के 'उत्तरकांड' में गोस्वामी तुलसीदास जी बताते हैं कि अयोध्यावासी देवपूजक थे, इसलिए वे सुखी थे। रामराज्य में कैसी देव-पूजा होती थी? इस बारे में तुलसीदास जी कहते हैं कि –

बरनाश्रम निज-निज धरम, निरत बेद-पंथ लोग ।
चलहि सदा पावहिं सुख, नहिं भय-सोक न रोग ।।

अर्थात् रामराज्य में सभी अपने वर्ण और आश्रम के अनुसार अपना धर्म निभाते थे। उन्हें दैहिक, दैविक और भौतिक ताप सताते ही न थे, क्योंकि, ***चलहिं स्वधर्म निरत श्रुति रीति*** ।

वे वेद में बताई गई नीति का जीवन में पालन करते थे। वे सत्य, दया, सफ़ाई और दान का व्यवहार करते थे।

'सपनेहुँ अघ नाहि', वे सपने में भी पाप नहीं करते थे। अयोध्या निवासी भयरहित, शोकरहित और रोगरहित होकर सदा सुख पाते थे, क्योंकि वे देव-पूजा का सही रीति से निर्वाह करते थे।

त्रेतायुग में श्री राम और अयोध्यावासी प्रातः-सायं हवन करते दर्शाये गये हैं ।

श्रावण मास में निश्चित रूप से यज्ञ करने का विधान रेखांकित किया गया है। हवन करना, देव-पूजा है, पोपकार है। प्रतिदिन हवन करना प्रत्येक मनुष्य का धर्म है।

यजुर्वेद का मन्त्र परामर्श देते हुए कहता है कि –

ओं समिधाग्निं दुवस्यत घृतैर्बोधिय तातिथिम् ।
आस्मिन् हव्या जुहोतन स्वाहा ।

अर्थात् हे मानव, जिस प्रकार द्वार पर आए हुए अतिथि का भोजन और जल से स्वागत-सत्कार किया जाता है, ठीक उसी प्रकार हवन-कुण्ड की अतिथिस्वरूप अग्नि का श्रेष्ठ घी और उत्तम समिधाओं से सत्कार करो। हे यजमान, तुम अग्नि में मीठे, पुष्ट, सुगंधित और रोगनाशक शुद्ध द्रव्यों को आहूत करो और होम करो।

अग्नि का एक नाम हव्यावाट् भी है। मन्त्रों का विधिपूर्वक उच्चारण करके, जब श्रेष्ठ सामग्रियों का हवन किया जाता है, तब उसका दिव्य प्रभाव आकाश-मंडल में फैलता है। इससे मानव के मन में एक-दूसरे के लिए प्रेम, एकता, सहयोग, उदारता आदि सद्गुण अपने-आप उत्पन्न होकर विकसित होने लगते हैं। व्यक्ति और समाज में अद्भुत सकारात्मकता आती है।

यज्ञ उत्तम प्रेरणाओं से परिपूर्ण एक आध्यात्मिक प्रयोग है। यज्ञ संगतिकरण, एकता, सहकारिता, दान, उदारता, सहृदयता और देवपूजा का प्रतिनिधित्व करता है। ये प्रवृत्तियाँ मनुष्य को और समाज को शक्तिशाली बनाती हैं। भगवद् गीता में श्रीकृष्ण कहते हैं कि

यज्ञशिष्टाशिनः सन्तो मुच्यन्ते सर्वकिल्विषैः

तात्पर्य कि जो व्यक्ति यज्ञ करता है और यज्ञ से बना हुआ अन्न खाता है, उसे सारे पाप छोड़कर चले जाते हैं । उसके जीवन में सुख ही सुख रह जाता है ।

पाठकगण, चलें हम श्रावणी महोत्सव को यज्ञ करते हुए, हवन करते हुए धूमधाम से, भक्ति- भावना से मनावें और अपने जीवन का उत्कर्ष करें ।

MOKA ARYA ZILA PARISHAD

Shravani Programme 2021

Date	Time	Place
22 Aug	7.30 a.m - 9.00 a.m	L'Avenir Arya Samaj and Mahila Samaj
22 Aug	13.00 p.m.	La Laura Arya Samaj
27, 28 Aug	4.00 p.m.	Camp Thorel Arya Samaj
28 Aug	6.00 p.m.	Petit Paquet Arya Samaj